卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ ३ म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: ❁ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ❁ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 191 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦18 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## बिजली चोरी रोकने को लगेंगे स्मार्ट मीटर: भट्ट

### केन्द्रीय मंत्री ने कहा-जल्द शुरू होगा नैनीताल हाईवे का निर्माण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि विद्युत चोरी रोकने के लिए जल्द ही घरों और प्रतिष्ठानों में स्मार्ट विद्युत मीटर लगाये जायेंगे। इसके अलावा विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए भी केन्द्र सरकार कई अहम कदम उठाने जा रही है। जिला योजना की बैठक लेने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि जिला योजना की बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गयी है। सभी विभागों ने अपने अपने काम का ब्यौरा रखा है सभी की रिपोर्ट संतोषजनक बनायी है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि काशीपुर में फ्लाईओवर का काम बीते चार पांच वर्षों से पूरा नहीं हो पा रहा है यह मामला भी बैठक में सामने आया है। जिसे गंभीरता से लेते हुए आज ही जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों की टीम को मौका मुआयना करने के लिए गया गया है, टीम वहां जाकर देखेगी कि फ्लाई ओवर को पूरा करने में आखिर क्या दिक्कत आ रही है। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर के प्रस्ताव कई बार बदले जा चुके हैं। यह स्थिति चिंताजनक है। काशीपुर में फ्लाईओवर का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रयास किये जायेंगे। साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि काठगोदाम तक हाईवे का निर्माण पूरा करने के लिए टेंडर खुल चुका है। जल्द ही काम शुरू हो जायेगा। इससे बाहर से आने वाले पर्यटकों को राहत मिलेगी और पर्यटन व्यवसाय के लिए यह मार्ग मुफीद साबित होगा। श्री भट्ट ने कहा कि केन्द्र सरकार उत्तराखण्ड के विकास के लिए तत्परता से काम कर रही है। कई योजनाएं उत्तराखण्ड में लायी गयी है। विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए केन्द्र सरकार बड़ा बजट देने जा रही है। जिसका प्रस्ताव मंजूर हो चुका है। इसके तहत विद्युत चोरी रोकने के लिए घरों और व्यवसयिक प्रतिष्ठानों पर जल्द ही स्मार्ट मीटर लगाये जायेंगे। लाईन लॉस रोकने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाये जायेंगे। विद्युत व्यवस्था ठीक करने के लिए नये माडर्न (शेष पृष्ठ सात पर)



## रेखा आर्य ने किया स्टेडियम का निरीक्षण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्य ने मंगलवार को हल्द्वानी स्थित इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान खेल मंत्री ने स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यो और अधिकारियों से निर्माण कार्यो की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली। खेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यो को तय समय सीमा के अंतर्गत पूरा करें साथ ही निर्माण कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। उन्होंने कहा कि यदि निर्माण कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। वही क्रिकेट स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा बताया गया कि स्टेडियम में 80 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुकें हैं और शेष कार्य प्रगति पर हैं। उसके लिए फंडिंग की आवश्यकता है जिसके लिए डिमांड भेजी है,जल्द ही (शेष पृष्ठ सात पर)



## नगर निगम के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। छह माह पूर्व बनायी गयी पुलिया के धराशायी होने पर महानगर कांग्रेस ने नगर निगम और मेयर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेसियों ने मंगलवार को काशीपुर बाईपास मार्ग पर प्रदर्शन कर धरना दिया। कांग्रेसियों ने पुलिया टूटने के मामले को भ्रष्टाचार का परिणाम बताते हुए मेयर से इस्तीफे की मांग की। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को तमाम कांग्रेसी काशीपुर बाईपास रोड पर गुरूनानक स्कूल के सामने धराशायी हुयी पुलिया के समक्ष एकत्र हुए। कांग्रेसियों ने मेयर और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना दिया। इस दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि नगर निगम में भ्रष्टाचार की हदें पार हो चुकी हैं। मेयर रामपाल द्वारा चहेते ठेकेदारों को काम देने का नतीजा सामने आ गया है। श्री शर्मा ने कहा कि नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और मेयर के कारनामों को लेकर कांग्रेस पिछले कई महीनों से आवाज उठा रही हैं। विकास कार्यों के टेंडरों में हो रही मनमानी को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया था इसके बावजूद जिला प्रशासन ने कोई एक्शन नहीं लिया। अब छह माह पूर्व बनायी गयी पुलिया के धराशायी होने से साबित हो गया है कि नगर निगम में भ्रष्टाचार किस कदर हावी है। पुलिया का (शेष पृष्ठ सात पर)



## फूड वैन संचालकों के खिलाफ चला अभियान

हल्द्वानी/नैनीताल(उद संवाददाता)। सड़क किनारे अवैध रूप से संचालित की जा रही फूड वैनों के खिलाफ प्रशासन एक बार फिर सख्त हो गया है। संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दर्जनों फूड वैनों को हटा दिया और पुन: लगाये जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावी दी। बता दें जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के निर्देश पर पूर्व में उप जिलाधिकारी राहुल शाह नैनीताल की अध्यक्षता में परिवहन विभाग, पुलिस , अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, खाद्य सुरक्षा एवं वन विभाग की टीम गठित कर संयुक्त रूप से नैनीताल और नैनीताल के आस पास के मार्गों पर संचालित फूड वैनो का निरीक्षण पिछले माह किया गया था। जिसमे ज्यादातर फूड वैन बिना अनुमति के संचालित होते पाए गए। उप जिलाधिकारी द्वारा समस्त ऐसे फूड बैंक संचालकों को नोटिस जारी करते हुए अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके समाधान हेतु जिला अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष कैंप आयोजित कर निर्धारित मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए थे । किंतु ज्यादातर फूड वैन संचालकों द्वारा पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद भी निर्धारित मानक पूर्ण नहीं किये गए। जिस पर उप जिलाधिकारी राहुल शाह के (शेष पृष्ठ सात पर)



## बलवा और मारपीट में महिला समेत सात नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। बलवा तथा मारपीट के एक मामले में पुलिस ने महिला समेत सात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर हरि नगर ढकिया नंबर 1 कुंडेश्वरी निवासी सुभाष चंद्र नामक व्यक्ति ने बताया कि बीते 15 अप्रैल को दोपहर लगभग 1:00 बजे कुछ लोगों ने उसके खेत में जबरदस्ती ट्रैक्टर ट्रॉली घुसा दी। विरोध (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांता रानी सुखीजा को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा के निधन पर शोक संवेदना का सिलसिला जारी है। गत सांय भाजपा नेता सुरेश परिहार सहित तमाम लोगों ने निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की और परिवार को ढांढस बंधाया। बता दें बीती 10 अप्रैल को उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता रानी सुखीजा का लम्बी बिमारी के चलते निधन हो गया था। निधन के बाद से ही श्री सुखीजा के घर पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा है। दिवंगत कांता रानी सुखीजा की आत्मिक शांति के लिए रस्म पगड़ी तेरहवीं का कार्यक्रम 22 अप्रैल दोपहर को पांच मंदिर में होना है। बीती शाम वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश परिहार, भाजपा नेता विवेक सक्सेना, सुरेंद्र जग्गा, मुकेश गुप्ता, देवीदयाल अनेजा, सुरेश कुमार, अमित अरोड़ा बॉबी राकेश सुखीजा, गोविंद (शेष पृष्ठ सात पर)



रस्म पगड़ी/तेरहवीं



बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माताजी

**श्रीमती कांता रानी सुखीजा**

**पत्नी स्वर्गीय श्री हरनाम दास सुखीजा**

का स्वर्गवास दिनांक 10 अप्रैल 2023 को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए **रस्म पगड़ी/तेरहवीं** दिनांक 22 अप्रैल 2023 दिन शनिवार को दोपहर 2 से 3 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर(पांच मंदिर)में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

राधा–देवीदयाल अनेजा (पुत्री–दामाद) | परम सुखीजा पम्मी (पुत्र)
कमलेश–राकेश गुंबर (पुत्री–दामाद) | संपादक उत्तरांचल दर्पण
सुनीता–राजेंद्र कक्कड़ (पुत्री–दामाद) | स्व0 तिलक राज सुखीजा (पुत्र)
गीता–मनीष बत्रा (पुत्री–दामाद) | स्व0 शम्मी सुखीजा (पुत्र)
गोविंद राम हुड़िया (भाई) | बलवीर सुखीजा (देवर)
l[kh tk] gfM;k ,o | मोहित,कपीश,शिवांश (पौत्र)

**उत्तरांचल दर्पण परिवार**

# टिकटों की कालाबाजारी करने वालों पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

देहरादून। चारधाम यात्रा के दौरान केदारनाथ हेली सेवा टिकटों की कालाबाजारी करने वालों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने सोमवार को केदारनाथ हेली सेवा की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को ये निर्देश दिए। सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के पंजीकरण को देखते हुए इस बार अधिक संख्या में यात्रियों के आने की संभावना है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। केदारनाथ हेली सेवा टिकटों की बुकिंग में धोखाधड़ी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाए। आईआरसीटीसी के साथ ही उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के माध्यम से निगरानी की जाए। मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा से संबंधित सभी जिलों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित पीआरडी जवान उपलब्ध कराए जाने के लिए विभाग को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने शिकायतों के समाधान व टिकट रद्द करने पर रिफंड की 24 घंटे व्यवस्था की जाए। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, सचिव दिलीप जावलकर, अपर सचिव एवं यूकाडा के सीईओ सी. रविशंकर आदि मौजूद थे।



# अल्मोड़ा और काशीपुर में उपवास पर बैठेंगे हरीश रावत

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि मुझ पर कई उपकार उत्तराखंड की जनता के हैं। मुख्यमंत्री के तौर पर जब मैं देखता हूं कि कुछ ऐसे मुद्दों की उपेक्षा हो रही है तो मन कचोटता है और मैं स्वयं से प्रश्न करने लगता हूं कि एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री के तौर पर तुम्हारा क्या कर्तव्य है? इस समय दो ऐसे कर्तव्यों से जुड़े हुए बिंदुओं पर मैं, एक बिंदु पर एक दिवसीय उपवास और दूसरे पर 24 घंटे का उपवास रखूंगा। दिनांक-4 मई सायं से 5 मई प्रात: तक अल्मोड़ा में उस स्थल पर जहां सौभाग्य से गांधी, अम्बेडकर और शिल्पकार प्रेरणा के प्रकाश पुंज मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की प्रतिमाएं विराजमान हैं, मैं वहां रात भर उपवास कम धरने पर बैठूंगा। कांग्रेस सरकार ने गरूड़ा बाज में मुंशी हरिप्रसाद टम्टा जी के नाम पर शिल्प संस्थान का निर्माण प्रारंभ किया था। वर्तमान सरकार द्वारा उस संस्थान का अपमान, शिल्प का अपमान है। मैं इसके विरोध में वहां बैठकर इस बिन्दु पर आगे के संघर्ष संकल्प को संगठित करूंगा। दुनिया में चीनी के दाम आसमान पर हैं। उत्तराखंड में गन्ना उत्पादक किसान सरकार की उपेक्षा से पीड़ित हैं। काशीपुर क्षेत्र और इकबालपुर चीनी मिल का क्षेत्र इसके ज्वलंत उदाहरण हैं, लगभग 200 करोड़ रूपया गन्ना उत्पादकों का इकबालपुर चीनी मिल पर बकाया है, मैं दिनांक-9 मई, 2023 को यहां भी 24 घंटे का उपपास कम धरना चीनी मिल के गेट पर दूंगा। जयहिंद।

# खनन माफियाओं ने महिला वन दरोगा को फोन पर दी जान से मारने की धमकी

रामनगर(उद संवाददाता)।कोसी नदी में जहां एक और अवैध खनन खुलेआम रात दिन चल रहा है तो वही इस अवैध खनन से हर रोज सरकार को भी लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है लेकिन अवैध खनन रोकने को लेकर सरकार और विभाग के प्रयास पूरी तरह विफल साबित हो रहा है वही माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई ना होने के चलते उनके हौसले भी बुलंद हो रहा है तराई पश्चिमी वन प्रभाग की रामनगर में तैनात महिला वन दरोगा सोनी शर्मा ने कोतवाली पुलिस को



तहरीर देते हुए बताया कि ग्राम छोई क्षेत्र में स्थित नदी से अवैध खनन को लेकर अधिकारियों के निर्देश पर खाई खोदने का काम किया गया था उन्होंने बताया कि इस बीच पंकज सुयाल और तेजपाल चौधरी नाम के व्यक्तियों द्वारा उन्हें फोन पर खोदी गई खाई को पाटने के लिए दबाव बनाया गया तथा ऐसा ना करने पर जान से मारने की धमकी दी गई महिला वन दरोगा का आरोप है कि पूर्व में भी खनन माफियाओं द्वारा उनके द्वारा अवैध खनन के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर उनका ट्रांसफर तक कराने की भी धमकी दी गई है खनन माफियाओं की धमकी के बाद महिला वन दरोगा काफी डरी हुई है वही मामले में कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# 25 हजार स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण उपलब्ध कराने के लक्ष्य हासिल करने के दिये निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय में पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत राज्य के 25 हजार स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण उपलब्ध कराने के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में हासिल करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अधिक से अधिक वेंडर्स को प्रोत्साहित करने के लिए योजना का प्रचार प्रसार किया जाए। क्षेत्रों में कैंप आयोजित कर प्रलेखन आदि का कार्य पूर्ण कराए जाएं। मुख्य सचिव ने एसएलबीसी को बैंकों को भी अस्वीकृत आवेदनों के तेजी से निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि बैंक वेंडर द्वारा पहले अंश के 10 हजार जमा करने के बाद दूसरे और तीसरे अंश के 20 हजार और 50 हजार के आवेदनों की स्वीकृति में देरी न लगाएं। इस अवसर पर सचिव श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी, अपर सचिव शहरी विकास श्री नवनीत पाण्डे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री अरविंद पांडेय ने डीजीपी से की फर्जी ट्विटर अकाउंट बनाने की शिकायत

देहरादून। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गरपुर से मौजूदा भाजपा विधायक अरविंद पांडेय के नाम से किसी ने ट्विटर अकाउंट बना लिया। इसके बाद इससे अतीक अहमद हत्याकांड से जुड़ी बातें ट्वीट कर दीं। इसे लेकर पूर्व मंत्री ने डीजीपी से मुलाकात की। डीजीपी अशोक कुमार ने आईजी कुमाऊं निलेश आनंद भरणे को जांच कराने के आदेश दिए हैं। पूर्व मंत्री अरविंद पांडेय सोमवार को डीजीपी से मिलने पहुंचे। उन्होंने बताया कि किसी ने उनके नाम से एक ट्विटर अकाउंट बना लिया है। इस पर अतीक अहमद हत्याकांड से जुड़ी कुछ बातें लिखी गई हैं। इससे उनकी और पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। लिखित शिकायत के बाद डीजीपी ने जांच कराने के निर्देश दिए हैं। सबसे पहले अकाउंट को बंद कराने के लिए कहा गया है ताकि इससे आगे और कोई ट्वीट न हो सके। डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि इस तरह से माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही मामले में खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# छात्र-छात्राओं को बांटी कृमि नाशक दवा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय रुद्रपुर में राष्ट्रीय कृमि उन्मूलन के तत्वधान में कृमि उन्मूलन संयोजक डॉ राघवेंद्र मिश्रा द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को कृमि नष्ट करने की दवा एडवेडाजोल की खुराक खिलाई गई इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को क्रमिक उन्मूलन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।डॉ दीपमाला द्वारा मनुष्य के स्वास्थ्य पर कृमि के दुष्प्रभाव व इसके उपचार पर भी छात्र छात्राओं को एक गोष्टी के माध्यम से जानकारी दी गई।

# अभिभावक उत्पीड़न के खिलाफ आइसा ने सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज हल्दूचौड़ में छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन प्राचार्या के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में विद्यालयों में हो रहे अभिभावक उत्पीड़न, प्रदेश में बढ़ रही महंगाई के कारण आम जनता को हो रही समस्याओं के साथ-साथ पाठ्य सामग्रियों के मूल्य में हो रही बेतहाशा वृद्धि को नियंत्रण करने व प्राइवेट स्कूलों में मनमर्जी ढंग से एनसीईआरटी के अलावा अन्य प्राइवेट प्रकाशनों की किताबों के मंगवाए जाने पर कार्रवाई की मांग की गई।शासन प्रशासन कोई एक्शन नहीं ले रहा है। बड़े दुकानदार लगातार कॉपियों के प्रिंट रेट को मिटाकर अपनी ओर से नया प्रिंट लिखकर अधिक मूल्य में ग्राहकों को दे रहे हैं। सरकार द्वारा कागज पर अधिक जीएसटी लगाने के कारण कापियों के रेट में अत्यधिक वृद्धि हो गई है।आइसा के जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई से पहले ही त्रस्त है ऊपर से सरकार शिक्षा व शिक्षा की सामग्रियों को महंगा करके ग्रामीण व मध्यमवर्ग से शिक्षा को वंचित करना चाहती है। सरकार लगातार शिक्षा



को मुनाफे की वस्तु में तब्दील करती जा रही है। जिस कारण गरीब छात्र छात्राएं शिक्षा से वंचित है। प्रदेश सरकार ने शराब को 100 रुपए से लेकर 400 रुपए तक सस्ता कर दिया है। इससे स्पष्ट है कि सरकार की मंशा क्या है? प्रदेश सरकार के लिए शराब ज्यादा जरूरी है या शिक्षा यह सभी को दिखाई दे रहा है। यदि जल्द ही सरकार शिक्षा के इन सवालों पर कोई कार्यवाही नहीं करती है तो ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा छात्र छात्राओं के साथ व्यापक छात्र आंदोलन चलाया जाएगा। नए सत्र में आए छात्र छात्राओं 8000 से 10000 रुपए तक में कॉपी किताबें खरीदनी पड़ रही है। जो कि एक गरीब तबके के बच्चों के लिए बहुत ही भारी पड़ रहा है। सरकार को इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए स्कूल व दुकानदारों की सांठगांठ पर लगाम लगानी चाहिए। इसके साथ ही कागज व अन्य पढ़ाई की सामग्रियों पर लगने वाले जीएसटी को खत्म किया जाए जिससे छात्र छात्राओं को पढ़ाई की सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध हो सके। जिला छात्रा उपाध्यक्ष संजना यादव ने कहा कि सरकार को प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक लगानी चाहिए स्कूल वाले एनसीईआरटी के अलावा अन्य निजी प्रकाशनों की पुस्तकें छात्र-छात्राओं से मंगवा रहे हैं जो कि उनके पाठ्यक्रम से अलग है व जिसका मूल्य बहुत अधिक है। सरकार केवल स्कूलों को नोटिस भेज दे रही है। इसके अलावा कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सरकार प्राइवेट स्कूलों को बचाने में लगी है। यदि छात्र-छात्राओं की यह मांगे पूरी नहीं होती है तो व्यापक छात्र आंदोलन होगा जिसकी जिम्मेदार राज्य व केंद्र सरकार होगी। इस दौरान उपाध्यक्ष रितेश प्रजापति, प्रियंका कर्ष, नीरू, देवकी पाल, किरन, विजय सामंत, सुहानी आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# फैक्ट्री में आग लगने से लाखों का नुकसान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा रोड शिमला पिस्तौर स्थित सत्या मेटल इंडस्ट्रीज में आग लगने से हड़कम्प मच गया। फैक्ट्री में लगे अग्निशमन उपकरणों की मदद से आग को काबू कर लिया गया। अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति पहुंची है। जानकारी के मुताबिक सत्या मेटल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में गत दिनों



अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने मशीनों को चपेट में ले लिया। आग लगने का कारण मशीन से तेल निकलना माना जा रहा है। अग्निकाण्ड से फैक्ट्री में हड़कम्प मच गया। फैक्ट्री कर्मियों ने कंपनी में लगे अग्निशमन उपकरणों की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू कर लिया। अग्निकाण्ड में कंपनी के कुछ भाग तथा मशीनों को नुकसान पंहुचा है। समय पर आग को काबू करने से बड़ी दुर्घटना टल गयी।

# नहीं हो पाया केएमवीएन की भूमि का सीमांकन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। खड़िया खनन से कांडा में लोगों के आवासीय भवन,क्षेत्र के प्रमुख आस्था का प्रतीक मा कालिका मन्दिर और गैस गोदाम की नौ नाली से अधिक भूमि में खनन के चलते सरकारी भूमि और आवंटित भूमि कहा है इसका कोई पता नही चल पा रहा है। खनन पूर्व में बदस्तूर होता रहा, खान स्वामी की ऊंची पहुँच होने के चलते खनन क्षेत्र में भूमि सम्बन्धी कार्य देखने के लिए राजस्व विभाग, और मानकों में प्रतिवर्ष भूमि का नक्शा बनने के बाद भी भूमि में सरकारी भूमि मंदिर के नीचे भूमि में खनन किया गया और जिम्मेदार मूक दर्शक बने रहे। ऐसे में जब लोगों को क्षेत्रीय आस्था के प्रतीक मन्दिर में दरार दिखी तभी प्रशासन भी हरकत में आया, वही जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने निरीक्षण कर भूस्खलन को देखते हुए मंदिर और आवासीय इकाइयों को नुकसान से बचाने के लिए खान में मशीनों से खनन पर रोक लगा दी थी,वही भूस्खलन क्षेत्र में खनन रोकने और नुकसान रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिए थे, पर खनन पट्टाधारक द्वारा डीएम के आदेश के बाद खनन जारी रखने से लोगों ने नाराजगी जताई। उन्होंने



मुख्यमंत्री से ऐसे ऐसे मनमानी करने वाले खनन पट्टाधारक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।वही खनन क्षेत्र में गेस गोदाम भूमि में खनन होने की सूचना केएमवीएन अधिकारियों व राजस्व विभाग को मिल नहीं पाई। वही केएमवीएन अधिकारी जांच को पहुँचे पर अधिकारियों के नही पहुँचने के बाद पुन: लोनिवि के अधिकारियों को शामिल करके निरीक्षण किया जाएगा। कांडा में गैस गोदाम की नौ नाली से अधिक भूमि है। जिसमें निगम व जनता को अंदेशा है कि खान मालिक द्वारा निगम की भूमि पर खनन किया जा रहा है साथ ही कुमंविनि के महाप्रबंधक खनन से गैस गोदाम को खतरा बताते हुए उसके लाइसेंस पर भी खतरा मंडराने की बात कहकर पूर्व में प्रशासन को पत्र लिख चुके हैं परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। इधर मामला तूल पकड़ने पर केएमवीएन के अधिकारी भी चेते तथा प्रशासन भी सक्रिय हुआ तो सोमवार को राजस्व विभाग व केएमवीएन के नैनीताल से आए अधिकारियों की टीम ने संयुक्त निरीक्षण किया। दिन भर राजस्व विभाग की टीम मानचित्र व खतौनी का मिलान करते रही तथा इसके बाद स्थल में फीता लगाते रही परंतु उन्हें सफलता नहीं मिली। टीम हर बार अलग अलग तरह से फीता लगाते रही परंतु निगम को उसकी भूमि का सीमांकन नहीं बता पाए। इस बीच उन्हें इसमें लोनिवि की भूमि भी मिलने की जानकारी हुई जिस पर टीम ने तय किया कि अब मंगलवार को भूमि का पुन: सीमांकन किया जाएगा तथा इसमें लोक निर्माण विभाग को भी शामिल किया जाएगा।

# महिला के सामने ही फंदे पर झूल गया प्रेमी युवक

देहरादून। प्रेमिका की बेरुखी से खफा युवक प्रेमिका के सामने ही फंदे पर झूल गया। प्रेमिका ने युवक को रोकने की कोशिश की, लेकिन युवक ने उसे धक्का दे दिया। प्रेमिका पड़ोसियों को बुलाने गई, लेकिन वापस आई तब तक युवक की जान चली गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस जांच कर रही है। घटना प्रेमनगर के विंग नंबर सात की है। यहां का रहने वाला शहनवाज पड़ोस की एक शादीशुदा महिला से प्यार करता था। दोनों के बीच करीब डेढ़ साल तक प्रेम-प्रसंग चला। बीते दो माह पहले महिला ने बातचीत बंद कर दी। शहनवाज ने कई बार कोशिश की, लेकिन महिला बात करने को राजी नहीं हुई। सोमवार सुबह महिला घर में अकेली थी। मौका देखकर शहनवाज भी उसके घर चला गया। यहां दोनों ने एक-दूसरे से करीब एक घंटे तक बात की। शहनवाज उस पर दोबारा से प्रेम-प्रसंग शुरू करने का दबाव बना रहा था, लेकिन महिला नहीं मानी। इसके बाद शहनवाज ने महिला से कहा कि वह उसके सामने ही फांसी लगा लेगा। इस बात को महिला ने मजाक समझा। कुछ देर में ही शहनवाज महिला के घर के ऊपरी तल पर बने कमरे में चला गया। वहां उसने केबल का तार उठाया और पंखे में बांधने लगा। महिला ने तार खींचा तो शहनवाज ने उसे धक्का दे दिया। इसके बाद युवक ने तार पंखे में बांधकर नीचे कुर्सी रख ली। महिला ने कुर्सी हटाई तो शहनवाज ने फिर उसे धक्का दे दिया। इतने में महिला पड़ोसियों को बुलाने चली गई। कुछ देर बाद एक अन्य महिला को लेकर वहां आई तो देखा कि शहनवाज फंदे पर लटक रहा था। महिला ने पुलिस और एंबुलेंस को फोन किया। एंबुलेंस से उसे अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# बाबा तरसेम से मिले केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कारसेवा बाबा तरसेम सिंह से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। केंद्रीय मंत्री पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा के साथ कारसेवा पहुचे, जहा उन्होंने पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे कारसेवा बाबा तरसेम सिंह सिंह से मुलाकात की और उनकी कुशल क्षेम पूछ धार्मिक चर्चा की। श्री भट्ट ने कहा की कारसेवा बाबा संगत के सहयोग से



शिक्षा और चिकित्सा के लिए अपना योगदान देकर जनता को इलाज और पढ़ाई की उच्च शिक्षा के साथ ही नए आयाम स्थापित कर रहे है, ऐसे मे उनके मनोवल को बढ़ाये रखना सरकार की भी जिम्मेदारी है, इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, हिमांशु विष्ट, इन्दर पाल मान, गौरव वर्मा, आदि मौजूद थे। वहीं केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने उत्तरांचल दर्पण के प्रधान संपादक परमपाल सुखीजा की माता के निधन पर फोन पर उनसे वार्ता कर शोक संवेदना व्यक्त की।

# आरएस लोजेस्टिक ने जीता टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

## आईजी भरणे ने विजेता टीम को ट्राफी देकर किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। द मेडिसिटी अस्पताल व मदनलाल स्पोर्टस ऐकेडमी द्वारा आयाजित द ऑर्ट आफ क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल मुकाबले में आरएस लोजेस्टिक ने एसआई आटो पैक को आठ विकेट से पराजित कर द ऑर्ट्स आफ क्रिकेट टेनिस बॉल लीग टूर्नामेंट ट्राफी पर कब्जा कर लिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि आईजी नीलेश आनन्द भरणे ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आईजी श्री भरणे का आयोजकों मेडिसिटी हॉस्पीटल के एमडी रोहिताश बत्रा, प्रमुख चिकित्सक डा. दीपक छावड़ा, प्रबंधक राहुल चन्द्र व ऐमेनिटी स्कूल के प्रबंधक सुभाष अरोरा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पहले खेलते हुए एसआई आटो पैक की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाये। जिसके जवाब में उतरी आरएस लोजेस्टिक की टीम ने 16.4 ओवरों में 2 विकेट पर 167 रन बनाकर निर्धारित लक्ष्य पूरा कर लिया। टीम के खिलाड़ी मौ. असद ने शानदार खेल का परिचय देते हुए 56 गेंदों पर 102 रन बनाये। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। विजेता एवं उप विजेता टीमों को आईजी नीलेश आनन्द भरणे ने ट्राफी देकर सम्मानित किया और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर एसपी काइम चन्द्रशेखर घोड़के,हरीश मुंजाल, राजीव मुंजाल, रामा धींगरा, विपुल जुनेजा, गौरव मुंजाल, जगदीश अरोरा, गुलशन बजाज आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।





# केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट का किया स्वागत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पर्वतीय संस्कृति उत्थान समिति नानकमत्ता के निर्माणाधीन पर्वतीय भवन हेतु वाचनालय, पुस्तकालय, शौंचालय एवं चाहरदिवारी हेतु केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट से समिति के अध्यक्ष डॉ० सुरेश चंद्र जोशी ने बीस लाख रुपये की मांग की। सांसद



अजय भट्ट ने नव-निर्माणाधीन पर्वतीय भवन का निरीक्षण भी किया एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ० प्रेम सिंह राणा, समिति के अध्यक्ष डॉ० सुरेश चंद्र जोशी, उपाध्यक्ष जगदीश जोशी, कोषाध्यक्ष भुवनेश जोशी, सरोज जोशी, अजय कुमार बाजपई, नीरज जोशी, सुमित जोशी, कैलाश जोशी, हरजीत सिंह, पानदेव जोशी, आदि मौजूद रहे। केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट नानकमत्ता आगमन के दौरान बजरंग राईस मिल में पहुंचे यहां पहुंचने पर प्रतिष्ठान अजय भट्ट को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# पहाड़ों में बारिश आंधी और ओलावृष्टि का यलो अलर्ट

देहरादून। आने वाले सप्ताह में उत्तराखंड में तेज धूप और चढ़ते पारे से राहत मिलेगी। मंगलवार से मौसम करवट बदल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले पांच से छह दिन उत्तराखंड के पहाड़ी जनपदों में ओलावृष्टि, तेज हवाएं और वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग,बागेश्वर, पिथौरागढ़ जनपदों में अनेक स्थानों पर गर्जन के साथ वर्षा होने, बिजली चमकने,ओलावृष्टि व तेज आंधी आ सकती है। इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार मंगलवार से प्रदेश का मौसम करवट बदल सकता है। जो 21 मई तक बदला हुआ रहेगा। इससे तापमान में बढ़ोत्तरी होने की संभावना नहीं है। मंगलवार को पहाड़ के पांच जनपदों में वर्षा, ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलने की संभावना है। बुधवार को प्रदेश के कुछ क्षेत्र में 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की इस रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। इसे देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम का बदला हुआ मिजाज 21 अप्रैल तक बना रह सकता है। इससे पहले सोमवार को प्रदेशभर में मौसम शुष्क बना रहा। तेज धूप ने बेहाल किया। पहाड़ी क्षेत्रों में कहीं-कहीं दोपहर बाद बादल छाने और हवा चलने से तापमान में कमी आई, लेकिन देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, उधमसिंहनगर आदि मैदानी इलाकों में गर्मी ने बेहाल किया। सुबह से ही तेज धूप खिली रही। दोपहर तक गर्मी काफी बढ़ गई। इस दौरान देहरादून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक 37.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक 19.4 डिग्री सेल्सियस रहा।इस तरह पंतनगर का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक 39.0 व न्यूनतम तपमान 16.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# समाजवादी पार्टी की कार्यकारिणी का गठन

गदरपुर(उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी की बैठक का आयोजन बुध बाजार के प्रांगण में किया गया जिसमें दर्जनों युवाओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यकारिणी का गठन किया गया। रविवार को बुध बाजार में समाजवादी उत्तराखंड में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 34 युवाओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचा पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। आगामी चुनाव के सवाल पर



पार्टी की एक बैठक पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता एबं समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अरविंद यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. अखिलेश यादव के आदेशानुसार यादव ने कहा कि आने वाले नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी सभी सीटो पर अपना प्रत्याशी उतारेगी। इस मौके परआकाशदीप सिंह, गुरु करण सिंह, नितिन कटारिया, दीपक यादव, तुषार राठी, राजवीर, रणजीत सिंह, सिमरन गिल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्णागिरी धाम के लिए बसें रवाना

रूद्रपुर(उद संवाददात)। मुख्य बाजार वार्ड नंबर 28 की सुभाष कॉलोनी से मां पूर्णागिरि धाम के लिए श्रद्धालुओं की दो बसों को समाजसेवी संजय ठुकराल ने केसरिया झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालु मां के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि मां पूर्णागिरि धाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है ।हर वर्ष पूर्णागिरि ध



ाम में लगने वाले मेले में तराई से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए जाते हैं ।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है ।उन्होंने कहां कि धार्मिक यात्राओं से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और नए स्थान पर भ्रमण से नई नई जानकारियां प्राप्त होती हैं ।इस अवसर पर विक्की मुंजाल, राजू सागर,संजय सागर,जे पी सागर,हरीश सागर,पवन सागर,नितिन सागर,राजेश सागर,प्रमोद सागर,सुमित सागर ,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# महुआखेड़ा गंज में रोजा इफ्तारी आज, जुटेंगे भाजपा के दिग्गज नेता

काशीपुर(उद संवाददाता)। औद्योगिक आस्थान महुआखेड़ा गंज -जामिया तुल मदीना मदरसा अबरार उल उलूम के सौजन्य से आज शाम 6 बजे स्थानीय एक पैलेस के अहाते में रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।उक्त जानकारी देते हुए जामिया उल मदीना कमेटी के सदस्य हबीबुर्रहमान अंसारी ने बताया कि रोजा इफ्तार कार्यक्रम में बक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स, हज कमेटी के अध्यक्ष,खतीब अहमद, भाजपा नेता दीपक बाली,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सदस्य गुलाम मुस्तफा तथा उपेंद्र चौधरी की मौजूदगी दर्ज होगी ।कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए प्रस्तावित स्थल को सजाया जा रहा है । पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हफीजुर्रहमान अंसारी ने इस मुक्कदस मौके पर रमजान के महीने में शबाब ओर दुआओं के हकदार लोगों से ज्यादा तादात में शामिल होने की गुजारिश की है ।मेहमाने खसुसी का इस्तकबाल करने के लिए कमेटी के मेंबर लोगों को नियत समय पर उपस्थित रहने को कहा गया है ।

# स्थाई लोक अदालत में अध्यक्ष के रूप में जिला जज बृजेंद्र सिंह की नियुक्ति

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला न्यायालय परिसर रुद्रपुर में चलाई जा रही स्थाई लोक अदालत में स्थाई अध्यक्ष के रूप में अपर जिला जज बृजेंद्र सिंह की नियुक्ति की गई है। बृजेंद्र सिंह द्वारा स्थाई अध्यक्ष के रूप में सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया गया। इस दौरान कार्यालय कर्मचारियों एवं स्थाई लोक अदालत के सदस्यों द्वारा पुष्प भेंट कर नव नियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि स्थाई लोक अदालत रुद्रपुर में अभी तक स्थाई रूप से अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई थी जिस कारण इस अदालत में सप्ताह में 3 दिन मुकदमों की सुनवाई होती थी जिससे वादकारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। स्थाई अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के बाद स्थाई लोक अदालत में विचाराधीन मुकदमों के निस्तारण में तेजी आयेगी है। स्थाई लोक अदालत में सार्वजनिक उपयोगिता सेवा संबंधी जैसे सड़क, वायु, रेल या जल मार्ग द्वारा यात्रियों के परिवहन के यातायात सेवा कार्य, टेलीफोन सेवा, विद्युत विभाग संबंधी सेवा, अस्पताल या अस्पताल संबंधी सेवा, लोक सफाई या स्वच्छता सेवा, बीमा सेवा, शैक्षणिक संस्थानों संबंधी, आवास एवं भू संपदा सेवा आदि से संबंधित नए मामलों को दर्ज किया जाता जाता है जिससे वादकारियों को त्वरित एवं निशुल्क सेवाएं प्राप्त होने में आसानी होती है। स्थाई लोक अदालत में अध्यक्ष पद पर अपर जिला जज बृजेंद्र कुमार सिंह एवं सदस्य के अब्दुल असीम एडवोकेट एवं श्रीमती अर्चना पियूष पंत एडवोकेट पीठ के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

# दौलत राम छाबड़ा के निधन पर शोक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दौलत राम छाबड़ा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान जगदीश छाबड़ा ने दौलत राम छाबड़ा के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया। इस अवसर पर शोक व्यक्त करने वालों में केवल बत्रा, मनोहर लाल मिगलानी, प्रेम ठक्कर, राजकुमार सीकरी, सुरेश मदान, ईशान सेठ, अशोक चोपड़ा, बॉबी टुटेजा, राजीव गगनेजा, नरेश कुमार सेठ, मान सिंह ग्रोवर, गुरमीत सिंह चुघ, गुरदयाल चावला, नरेन्द्र कुमार, रोशन तागरा, जगदीश भुसरी आदि मौजूद थे।

# आगामी दस वर्ष उत्तराखंड की उन्नति के होंगे: धामी

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवम भूतपूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी द्वारा विकासखंड कनालीच्छीना के मुवानी में स्थित शेर सिंह कार्की सरस्वती विहार में निर्मित भाऊराव देवरस सभागार का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी एवम भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री कोश्यारी को बीजेपी कार्यकर्ताओं एवम शेर सिंह कार्की सरस्वती विहार के प्रधानाचार्य द्वारा एवं अध्यापक अध्यापक द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनता एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले 10 वर्ष उत्तराखंड उन्नति के होंगे। जिस हेतु उनके द्वारा प्रदेश में नई शिक्षा नीति, नई खेल नीति को बहुत प्रभावी तौर पर लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की झांकी मानसखंड को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जो हम सब के लिए गौरव की बात है। हम अपने अपने संसाधनों को एकत्रित कर लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। हमारी स्वयं सहायता महिलाओं द्वारा पहाड़ी उत्पादों को उत्पादित कर उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये उत्पाद वर्तमान में एमएनसी के उत्पादों को टक्कर दे रहे हैं। जोकि उत्तराखंड के हित में है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी




उपस्थित जनता को दी गई। मुख्यमंत्री द्वारा इस दौरान शेर सिंह कार्की विद्यालय हेतु 50 लाख रुपए की धनराशि से विस्तार किए जाने, रामगंगा में मोटर पुल निर्माण तथा मुवानी महाविद्यालय में रोड डामरीकरण किए जाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर भूतपूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने मुवानि आगमन पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया व उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए शेर सिंह कार्की द्वारा किए गए समाज के लिए कार्यों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाना उनकी प्राथमिकता में है। इस हेतु मुंबई वासियों द्वारा भी धनराशी देकर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के मुवानी पहुंचने पर पुलिस टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक दलों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में एमपी अजय टम्टा, विधायक डीडीहाट विशन सिंह चुफाल, विधायक गंगोलीहाट फकीर राम, अध्यक्ष जिला पंचायत दीपिका बोहरा, जिलाधिकारी रीना जोशी, पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

देहरादून/नई दिल्ली( उद संवाददाता) ।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपति को इसी माह से प्रारम्भ हो रही चारधाम यात्रा के लिए आमंत्रित किया। राज्यपाल ने कहा कि चार धाम यात्रा के लिए व्यवस्थाएं और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान राज्यपाल ने राष्ट्रपति के हाल में ही उनके उत्तराखंड भ्रमण की स्मृतियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक और नक्षत्र वाटिका पर आधारित एक लघु फिल्म भेंट की।



राज्यपाल ने राष्ट्रपति को बताया की उत्तराखंड के राजकीय विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों की सम्बद्धता हेतु उत्तराखण्ड कॉलेज एफिलिएशन पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल का उद्देश्य सम्बद्धता प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध एवं सुगम बनाया जाना है। उन्होंने प्रदेश में बालिका कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण हेतु उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी राष्ट्रपति को दी।

# कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई एलबेंडाजोल की गोली

गदरपुर (उद संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव सरना द्वारा बताया गया की पेट के कृमि से अनेक बीमारियां हो जाती हैं बच्चों में खून की कमी का यह प्रमुख कारण है अत: प्रत्येक 6 माह में कृमि की दवा टेबलेट एल्बेंडाजोल अवश्य खानी चाहिए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं उत्तराखंड सरकार के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष मे दो बार कृमि की दवा समस्त सरकारी स्कूलों



,सहायता प्राप्त स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क खिलाई जाती है। उपरोक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य से डॉक्टर विकास सचान, डॉ उपेंद्र रावत ,डॉ अंजनी ,राधा मिगलानी ,हीरा राठौर, मोहम्मद रिजवान ,नीरज सीमा ,आदि लोग उपस्थित थे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि ब्लॉक में समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप केंद्रों में उक्त दवा खिलाई जा रही है एवं दवाइयों के किसी भी अनवांछित प्रभाव को रोकने के लिए प्रत्येक चिकित्सा इकाई में एक आपातकालीन टीम की नियुक्ति की गई है।

# तहसील गदरपुर में हुई स्थाई एसडीएम की तैनाती

गदरपुर( उद संवाददाता)। तहसील गदरपुर में स्थाई एसडीएम की नियुक्ति ना होने के संबंध में पूर्व में राजेंद्र पाल सिंह राजू के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार के माध्यम से प्रशासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा था। सोमवार को राजेंद्र पाल सिंह राजू ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि गदरपुर में उप जिला अधिकारी की नियुक्ति आज तक लंबित थी पिछले काफी समय से उप जिलाधिकारी बाजपुर को सप्ताह में



3 दिन गदरपुर तहसील में बैठने का प्रावधान किया था प्रशासन कभी रुद्रपुर के उप जिलाधिकारी को गदरपुर में कुछ दिन बैठने का प्रावधान करता है उप जिलाधिकारी की स्थाई नियुक्ति ना होने के कारण अधिकांश कार्य लंबित रह जाते हैं उन्होंने बताया कि पूर्व में दिए गए ज्ञापन को संज्ञान में लेकर फिलहाल प्रशासन ने 4 सप्ताह के लिए गदरपुर को स्थाई उपजिलाधिकारी भेज दिया है उन्होंने बताया कि जल्द ही उच्च अधिकारियों से मिलकर गदरपुर को परमानेंट स्थाई उप जिलाधिकारी मिले इसके लिए बातचीत की जाएगी। इस दौरान प्रधान संघ के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह, युवराज सिंह मौजूद रहे।

# पांच रूपये में भरपेट भोजन के लिए जियो जिंदगी ने लगाया स्टाल

गदरपुर( उद संवाददाता)। सामाजिक संस्था 'जियो जिंदगी' द्वारा जरूरतमंदों की सहायता के लिए मात्र 5 में भरपेट भोजन कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य मार्ग पर थाना गेट के पास सैकड़ों लोगों को भोजन करवाकर सेवा कार्य किया गया। 'जियो जिंदगी' सामाजिक संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित विजय कुमार शास्त्री द्वारा पूजा अर्चना एवं मंगल कामना के साथ करवाया गया इस दौरान यजमान के रूप में हिमांशु सुखीजा साक्षी



सुखीजा, रमन छाबड़ा रिया छाबड़ा एवं संजीव झाम लीना झाम द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करवाने के साथ सेवा कार्य किए गए। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने बताया कि 'जियो जिंदगी' संस्था द्वारा जो समाज सेवा का नेक कार्य किया जा रहा है जिससे आम लोगों को मात्र 5 में भरपेट भोजन प्रति सोमवार को दोपहर 1से 2तक प्राप्त होगा, साथ ही मीठे पानी की छबील भी लगाई गई ताकि गर्मी से राहत मिल सके स इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए आयोजन समिति को आशीर्वाद दिया स इस मौके पर शिव स्वरूप दरगन,किशन लाल सुखीजा, विनय कोचर, मनोज गुंबर ,परमजीत सिंह ,परमेश बठला, बंटी छाबड़ा, रोहताश कुमार विश्नोई, संदीप चावला, ज्ञानचंद बजाज, नीलम रानी, किरण सुखीजा आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस नेत्री मीना ने वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने सोमवार को सुबह देहरादून स्थित राजीव भवन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त केंद्रीय पर्वेक्षक के एल पुनिया से मुलाकात कर उनसे राजनीतिक हालातों पर चर्चा की। बाद में श्रीमती शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण मेहरा महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला कांग्रेस महामंत्री संगठन विजय सारस्वत महामंत्री प्रशासन मथुरा दत्त जोशी से भी मुलाकात कर संगठन की मजबूती के लिए चर्चा की। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, प्रशांत अरविंद सक्सेना सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने देहरादून में अपने प्रवास के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर उनसे राजनीतिक हालातों और रुद्रपुर विधानसभा के संगठनात्मक मामले में चर्चा की और कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने प्रदेश प्रभारी श्री देवेंद्र यादव प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत, सीएलपी लीडर यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व सीएलपी लीडर प्रीतम सिंह यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर और एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी से मुलाकात कर संगठन मामले में उनसे सलाह मशविरा किया।

# विधायक शिव ने आर्थिक सहायता के चेक वितरित किये

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता चैक वितरित किये। विधायक अरोरा ने विधानसभा हेतु उनके प्रयास से सरकार द्वारा सहायता प्राप्त हो जाये उसके निमित लगातार विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रो से समय समय पर चौक बाटे जाते आ रहे है। विधायक शिव



क्षेत्र के संजय नगर, ठाकुरनगर, बिंदुखेड़ा ,बिगवाड़ा, इंद्रा कालोनी , प्रीत बिहार क्षेत्र के गरीब जरूरतमंद लोगो को कन्या विवाह, बीमारी के इलाज हेतु आर्थिक सहायता चैक वितरित किये, उन्होंने 40 लोगो को चैक सौपे। विधायक अरोरा ने कहा उनका प्रयास है हर गरीब की मदद अरोरा ने कहा हर गरीब व्यक्ति की जरूरत के समय उसकी सहायता हो जाये यह उनका निरन्तर प्रयास रहता है। इस दौरान पिंटू पाल, संतोष पाल , कविता सागर, विजय डे ,मयंक कक्कड़, ललित बिष्ट, गुड्डू मिया, रोबिन विश्वास, विजय वाजपेयी,फुदेना साहनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर कोविड चिकित्सा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोविड काल मे राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुशीला तिवारी, बेस हॉस्पिटल में लगे कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन आज भी जारी रहा। उन्होंने सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। कोविड कर्मचारियों का कहना है कि जब तक शासन प्रशासन उनकी न्यायोचित मांगों पर सार्थक कार्रवाई नहीं करता है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। अगर शासन और प्रशासन द्वारा जल्दी से जल्दी कोविड में रखे कर्मचारियों की सुध नही लिया गया तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा इस दौरान राहुल आर्या, पंकज राणा, महेश आर्य, नवीन बेलवाल महेश, मनीषा, ज्योति, नेहा मेर, कुमुद, अंकित यादव, भावना आर्य, कविता शर्मा , संध्या, अनीता, राधा आदि लोग मौजूद थे।



# अवैध रूप से खड़े फूड वैनों को हटाया

नैनीताल (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गर्ब्याल के निर्देशों के क्रम में पूर्व में उप जिलाधिकारी राहुल शाह नैनीताल की अध्यक्षता में परिवहन विभाग, पुलिस , अधिशासी



अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, खाद्य सुरक्षा एवं वन विभाग की टीम गठित कर संयुक्त रूप से नैनीताल और नैनीताल के आस पास के मार्गो पर संचालित फूड वैनो का निरीक्षण पिछले माह किया गया था । जिसमे ज्यादातर फूड वैन बिना अनुमति के संचालित होते पाए गए। उप जिलाधिकारी द्वारा समस्त ऐसे फूड बैंक संचालकों को नोटिस जारी करते हुए अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके समाधान हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विशेष कैंप आयोजित कर निर्धारित मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए थे । किंतु ज्यादातर फूड वैन संचालकों द्वारा पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद भी निर्धारित मानक पूर्ण नहीं किये गए । सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम उप जिलाधिकारी राहुल शाह के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासन की टीम द्वारा विशेष अभियान चला कर नैनीताल हल्द्वानी रोड , नैनीताल भवाली रोड, कालादूंगी रोड से सभी अवैध रूप से खड़े फूड वैनों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए मार्ग से बलपूर्वक हटा दिया गया । टीम द्वारा सभी फूड वैन संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि बिना अनुमति के फूड वैन ना लगाएं यदि अवैध रूप से लगाए पाए जाने पर वाहन को सीज करने की कार्रवाई अमल में आई जाएगी । अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस विभा दीक्षित, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आलोक उनियाल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रश्मि भट्ट, जिला पंचायत के अधिकारी और एन एच अधिकारी शामिल रहे ।




# श्रीराम संस्थान में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारम्भ

काशीपुर(उद संवाददाता)। श्रीराम इंस्टीटयूट में छः दिवसीय 18वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि काशीपुर के ब्लाक प्रमुख अर्जुन कश्यप तथा विशिष्ट अतिथि उत्तराखण्ड एथलेटिक्स चयन समिति के अध्यक्ष श्री विजेंद्र चौधरी व उत्तराखण्ड एथलेटिक्स चयन समिति





के सचिव वेद प्रकाश शुक्ला दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।कार्यक्रम के आरम्भ में संस्थान के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का स्वागत किया और छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि हमें कभी खेल खेलना नहीं छोड़ना चाहिए आज इतनी ऊँचाईयाँ हासिल की है कल और भी होगी बस अपना हौसला कभी नहीं छोड़ना चाहिए। आज काशीपुर के खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे है जो गौरवान्वित करने का विषय है। मुख्य अतिथि अर्जुन कश्यप ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं का भी बहुत बड़ा महत्व है और खेल-कूद में भी भविष्य संवारा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि विजेंद्र चौधरी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को खेल में भी भाग लेना चाहिए, इससे वह मानसिक और शारीरिक तौर पर फिट रहते हैं। खेल धर्म जाति क्षेत्र से ऊपर है आज विश्व को यदि एक होना है तो खेल ही वह माध्यम है जो सम्पूर्ण विश्व में शांति स्थापित कर सकता है। निदेशक प्रो0 (डॉ0) योग राज सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल एवं शिक्षा दोनों में व्यक्ति को अच्छा सम्मान मिलता है। आज उत्तराखण्ड के खिलाड़ी विश्व स्तर पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं आप भी उत्तराखण्ड का नाम खेल में रोशन करें। प्रतियोगिताओं की कड़ी में सबसे पहले बालक वर्ग की 100 मीटर की रेस का आयोजन हुआ। इसमें अंकित रावत (बी0सी0ए0 द्वितीय वर्ष) ने बाजी मारी। इसके बाद बालिका वर्ग की 100 मीटर की रेस में प्रियंका (बी0सी0ए0 प्रथम वर्ष) ने अपनी जीत का परचम लहराया। वार्षिक क्रीड़ा समारोह में खेलों जैसे क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, बैडमिन्टन, 100 मीटर/200 मीटर रेस, लंबी कूद, टेबल टेनिस, कैरमबोर्ड, शतरंज आदि में प्रतिभाग करने के लिए भी संस्थान के सभी विभागों के छात्र-छात्राएं अत्यधिक उत्साहित रहे। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार, निदेशक प्रो0 (डॉ0) योग राज सिंह, प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 कुशवाहा, विभागाध्यक्ष (शिक्षा विभाग) डॉ0 सुनीता शर्मा, विभागाध्यक्ष (प्रबन्धन विभाग) डॉ0 पृथ्वी राज सन्याल, विभागाध्यक्ष (कम्प्यूटर विज्ञान विभाग) श्री बलविन्दर सिंह तथा प्रवक्ता गण भी उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें लगाए जाने का विरोध

खटीमा(उद संवाददाता) भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार शुभांगिनी को ज्ञापन सौंपकर नगर के निजी विद्यालयों में महंगे प्रकाशकों की किताबे लगाए जाने की शिकायत की है। ज्ञापन में भाजपाईयों ने कहा कि निजी विद्यालय इसमें जमकर कमिशनखोरी कर रहे हैं। जिससे अभिभावकों का शोषण हो रहा है। जबकि सरकार की मनसा निजी विद्यालयों में एनसीआईटी की पुस्तकें ही लगाने की है। जिला मंत्री किशोर जोशी के नेतृत्व में तहसीलदार शुभांगिनी से मिले भाजपाईयों ने निजी शिक्षण संस्थान में एनसीईआरटी की पुस्तके लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा



कि क्षेत्र में संचालित निजी शिक्षण संस्थान,स्कूल में कक्षा 1 से 12 तक की कक्षाओं में निजी प्रकाशकों की पुस्तक चल रहे हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया की कई निजी स्कूलों ने फीस वृद्धि कर दी है वही वार्षिक चार्ज के रूप में अभिभावकों से ली जा रही है। कुछ विद्यालयों में सेमिस्टर प्रणाली की तर्ज पर लीड कोर्स की आड़ में पुस्तके मंगाई जा रही है जो की अभिभावक के बस की बात नही है। ज्ञापन में निजी स्कूलों में अभिभावक संघ के गठन और एनसीई आरटी की पुस्तके लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिला मंत्री भुवन जोशी,जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट,महेश राणा,गोकुल ओली,शिव शंकर भाटिया, अंजु देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# साम्बो खेल शीघ्र ही कुमाऊं यूनिवर्सिटी में शामिल होगाः डा. नागेंद्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साम्बो एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वधान में साम्बो एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर की बैठक का आयोजन मुकेश यादव (एशियन मेडलिस्ट) द्वारा किया गया। साम्बो




एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी विनय कुमार जोशी द्वारा वीडियो कॉल के जरिए सभी प्रशिक्षकों को साम्बो खेल की जानकारी प्रदान की गई। साम्बो खेल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता, एशियन चौंपियनशिप, एशियन इंडोर मार्शल आर्ट गेम्स व एशियन गेम्स में साम्बो खेल मैं भारत देश के खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करें ऐसा कहकर उन्होंने आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा खिलाड़ी तथा प्रशिक्षक खेल को खेल भावना से खेलें। मुख्य अतिथि डॉ. नागेंद्र शर्मा कुमाऊं यूनिवर्सिटी, क्रीड़ा अधिकारी, साम्बो एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष उमेश चंद्र जोशी, महासचिव पुनेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार द्वारा खिलाड़ियों को यह विश्वास दिलाया गया कि खिलाड़ियों के साथ कभी भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सभी खिलाड़ी, प्रशिक्षक व पदाधिकारी ईमानदारी से खेलें। कोई भी व्यक्ति खिलाड़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। डा. नागेन्द्र शर्मा ने आश्वस्त करते हुए कहा कि साम्बो खेल को जल्द ही कुमाऊं यूनिवर्सिटी में शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद उधम सिंह नगर के समस्त प्रशिक्षक सैंसई मिंटू सैनी, सैंसई कृष्णा आनंद, सैंसई बलवंत कुमार, सैंसई कृष्णा साना, सैंसई मनदीप कौर साम्बो ए ग्रेड रैफरी इंडिया, प्रशिक्षक खुशबू साम्बो बी ग्रेड रैफरी इंडिया ,भावना साम्बो बी ग्रेड रैफरी इंडिया कमलेश, किशन, शिवांकर, हिमांशु, अजय, सुखदेव, आनंद, आयुष, तनुजा बुंगला, मयंक श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड बन्दीरक्षक भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा आरम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड बन्दीरक्षक महिला पुरुष के पदों की शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रारंभ हुई। जिसमें 31पीएसी भर्ती केन्द्र में महिला बन्दीरक्षक के पदों की शारीरिक दक्षता परीक्षा करायी जा रही





है। गत दिवस 31पीएसी भर्ती केन्द्र में श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31पीएसी अध्यक्ष भर्ती केन्द्र के पर्यवेक्षण में शारीरिक मापदंड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रारम्भ की गई। 17 अप्रैल से 28 अप्रैल तक होने वाली परीक्षा में प्रत्येक दिवस लगभग 650 अभ्यर्थिनियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा करायी जायेगी। इस परीक्षा में कुमायूं रेंज की 6513 महिला अभ्यर्थिनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। भर्ती केंद्र अध्यक्षा के साथ बिमल कुमार आचार्य, उप सेनानायक, अनुराग मलिक, अधीक्षक, संपूर्णानंद शिविर सितारगंज, सुश्री पूजा शर्मा, तहसीलदार गदरपुर, अन्नराम आर्य, सहायक सेनानायक, 46 पीएसी के द्वारा परीक्षा सम्पन्न करायी जा रही है।भर्ती के प्रथम दिन शारीरिक दक्षता परीक्षा में 650 में से कुल 76 महिला अभ्यर्थिनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें से नापतोल के उपरांत 69 अभ्यर्थियो द्वारा के शारीरिक दक्षता परीक्षा दी गई कि उनमें चिनिंग अप 5, 2 किमी. दौड 15मिनट। भर्ती को सकुशल सम्पन्न कराने में मनीष शर्मा शिविरपाल, दलनायक गोपाल सिंह बिष्ट, खुर्शीद अली, सूबेदार सैन्य सहायक, पीसी गिरीश चंद जोशी, नरेश मेहरा, राजेंद्र सिंह ढेक, श्रीमती स्वीटी रमन, श्रीमती अंजू गनघरिया, प्रधानलिपिक एवं अन्य अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा सहयोग दिया।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भ्रष्टाचार और सियासत

अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं, वही अब भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में हैं। अब यह सियासी रिवायत सी बनती गई है कि जब भी किसी राजनेता पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, तो उसे सही साबित करने के लिए आंदोलन खड़ा हो जाता है। जब भी जांच एजंसियां किसी नेता को पूछताछ के लिए बुलाती हैं, तो उसके पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक सड़कों पर उतर आते हैं। इसके चलते घंटों सड़कें बाधित रहती हैं, लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।उन्हें रोकने के लिए पुलिस को अतिरिक्त प्रयास करना पड़ता है। इसका ताजा उदाहरण दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआइ द्वारा आबकारी घोटाला मामले में पूछताछ के लिए बुलाया जाना और फिर पूरे दिन दिल्ली में अव्यवस्था बने रहना है। इसके पहले जब उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, तब भी ऐसा ही हुआ था।सिसोदिया पहले पूरे हुजूम के साथ राजघाट गए, फिर पूछताछ के लिए हाजिर हुए। यही तरीका केजरीवाल के समय भी अपनाया गया। पूछताछ के लिए जाने से पहले उन्होंने प्रेस के सामने जांच एजंसियों पर दबाव में काम करने का खुल कर आरोप लगाया। भाजपा को निशाने पर लिया और केंद्र सरकार को चुनौती दी कि वह चाहे कितने भी नेताओं को गिरफ्तार कर ले, आम आदमी पार्टी का मनोबल टूटेगा नहीं। विचित्र है कि जो अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं, वही अब भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में हैं। दिल्ली सरकार पर नई आबकारी नीति लागू करके भारी मात्रा में धन कमाने का आरोप है। मनीष सिसोदिया के पास आबकारी विभाग की जिम्मेदारी थी, उन्हें इस घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। अब अरविंद केजरीवाल पर आरोप है कि उनकी सहमति से यह घोटाला किया गया। सीबीआइ को इससे संबंधित तथ्य हाथ लगे होंगे, तभी उसने इतना बड़ा कदम उठाया। यह शायद पहली बार है कि किसी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के आरोप में सीबाआइ ने तलब किया। बिना किसी ठोस आधार के जांच एजंसी इतना बड़ा कदम नहीं उठा सकती थी। मगर अब माहौल कुछ ऐसा बन गया या बना दिया गया है कि जब भी किसी मामले में जांच एजंसियां पूछताछ करती हैं, तो उसे केंद्र के इशारे पर की जा रही कार्रवाई कह कर शोर मचाया जाने लगता है। सवाल है कि कोई आरोपी खुद इस तरह की दलील देकर कैसे किसी आरोप से बरी हो सकता है। आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ सदा से जंग छेड़ती रही है, फिर उसके नेताओं को अपने ऊपर लगे ऐसे आरोपों से बचने का प्रयास क्यों करना चाहिए। उन्हें सीबीआइ के सवालों का जवाब देकर साबित करना चाहिए कि सचमुच वे पाक-साफ हैं। हालांकि अरविंद केजरीवाल सीबीआइ के समक्ष पेश हुए, मगर केंद्रीय जांच एजंसियों के कामकाज पर चर्चा के लिए विधानसभा का विशेष सत्र भी बुला लिया। विचित्र है कि जब भी आबकारी घोटाले की बात होती है, तो दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी के नेता शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां गिनाने लगते हैं। अगर वे सचमुच बेगुनाह हैं, तो जांच में भी बेगुनाह साबित होंगे ही, इसे लेकर इतना वितंडा खड़ा करने की कोई जरूरत समझ नहीं आती। उनसे कानूनी कार्यवाहियों में सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

# दो लोगों को निवाला बनाने वाले बाघ को नरभक्षी घोषित करने की मांग

## डीएम डॉ. आशीष चौहान ने अधिकारियों के साथ डल्ला गांव और सिमली तल्ली पहुंचकर ग्रामीणों से की वार्ता, फारेस्ट गार्ड तैनात

पौड़ी। पौड़ी जिला प्रशासन ने रिखणीखाल और नैनीडांडा ब्लॉक के बाघ प्रभावित करीब 25 गांवों में शाम सात से सुबह छह बजे तक क्फ्यूर्य लगा दिया है। साथ ही क्षेत्र में धारा 144 भी लागू है। बाघ को पकड़ने के लिए प्रभावित क्षेत्र में पिंजरा लगा दिया गया है और उसे ट्रेंकुलाइज (बेहोश) करने के लिए टीम तैनात कर दी गई है। प्रशासन ने क्षेत्र में दिन के समय भी अकेले आवाजाही न करने की हिदायत जारी की है। बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग के आला अधिकारी प्रभावित गांव में डेरा डाले हुए हैं। सोमवार को डीएम डॉ. आशीष चौहान ने भी बाघ प्रभावित डल्ला गांव और सिमली तल्ली पहुंचकर ग्रामीणों, अधिकारियों से वार्ता की और हालात का जायजा लिया। रिखणीखाल की ग्राम पंचायत मेलधार के डल्ला गांव (लड्वासैंण) में 13 अप्रैल की शाम खेतों में काम कर बीरेंद्र सिंह (73) को बाघ ने मार डाला था। तब से गांव के आसपास दो बाघों की मूवमेंट बनी हुई है। वन विभाग के ड्रोन सर्वे में भी इस बात की पुष्टि हुई है। इसके बाद करीब 25 किमी दूर स्थित नैनीडांडा के सिमली तल्ली के भैड़गांव पट्टी बूंगी में 15 अप्रैल की रात सेवानिवृत्त शिक्षक रणवीर सिंह नेगी (75) को बाघ ने मार डाला था। वन विभाग ने क्षेत्र में बड़ी संख्या में वन कर्मचारियों को तैनात कर दिया है। ड्रोन कैमरे से भी पूरे क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने क्षेत्रवासियों से सतर्कता बरतने और अनावश्यक बाहर न निकलने की अपील की है। मेलधार के प्रधान खुशेंद्र सिंह ने बताया कि दो बाघ गांव के आसपास बने हुए हैं। सोमवार को दिन में बाघ ने एक सांड पर हमले का प्रयास किया। एक बाघ गांव के पास ही नजर आया है, जबकि दूसरा बाघ करीब 100 मीटर की दूरी पर दिखाई दिया। सोमवार शाम चार बजे तक ट्रेंकुलाइज गन की रेंज से बाहर होने के कारण उसे बेहोश नहीं किया जा सका। वह पिंजरे के पास तक तो आ रहा है लेकिन अंदर नहीं जा रहा है। उधर, एडीएम इला गिरी ने बताया कि प्रभावित गांवों में शाम सात से सुबह छह बजे तक क्फर्यू लगाया गया है। लैंसडौन विधानसभा के दो गांवों में दो लोगों को निवाला बनाने व दशहत का पर्याय बने बाघ को नरभक्षी घोषित कर उसे शूट करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्रवासियों ने विधायक लैंसडौन से हमलावर बाघ के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। कहा कि बाघ के कारण लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है। पूरे क्षेत्र के लोग दिन ढलते ही घरों में कैद हो जा रहे हैं। लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो गई है। कांग्रेस नेत्री अनुकृति गुसांई रावत व पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत ने राज्य सरकार पर क्षेत्र की घोर अनदेखी का आरोप लगाया। कहा कि कार्बेट से निकलकर बाघ ने दो लोगों को निवाला बना लिया है। कई दिनों से बाघ क्षेत्र में घूम रहे थे, यदि समय से कार्रवाई की गई होती तो लोगों की जान बच सकती थी। कहा कि अब भी त्वरित कार्रवाई करते हुए हमलावर बाघ को नरभक्षी घोषित किया जाना चाहिए। कहा कि इन बाघों से अन्य लोगों पर हमले की आशंका बनी हुई है। मेलधार के प्रधान खुशेंद्र सिंह, सिमली के प्रधान सतेंद्र सिंह रावत, उमटा की प्रधान लक्ष्मी देवी व ग्राम प्रधान संगठन की ओर से भी हमलावर बाघ को नरभक्षी घोषित करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। विधायक दिलीप रावत ने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों को बाघ के आतंक से निजात दिलाने के लिए हर संभव कार्रवाई के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि बाघ के हमले के मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। प्रभावित क्षेत्र के लोगों में आक्रोश होना स्वाभाविक है। डीएम डॉ. आशीष चौहान ने सोमवार को दुगड्डा लोनिवि गृह में राजस्व व वन अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने तहसील रिखणीखाल व घुमाकोट क्षेत्र में सक्रिय बाघ को देखते हुए संबंधित क्षेत्र के डीएफओ को क्षेत्र में पिंजरों व कैमरा ट्रैप की संख्या बढ़ाने, जिम कार्बेट के विशेषज्ञों से संपर्क कर दो ट्रेंकूलाइजर टीम भेजने, मुख्य मानकों के साथ 10 किमी परिधि का जीपीएस मैप तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही घटना स्थल पर तैनात फॉरेस्ट कर्मियों को पटाखे उपलब्ध कराने, क्षेत्र में फॉरेस्ट गार्ड की संख्या बढ़ाने व बाघ के पकड़े जाने तक क्षेत्र के ग्रामीणों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# पंजीकृत बेरोजगारों का आकड़ा 890456 पहुंचा

हल्द्वानी। उत्तराखंड में बेरोजगार युवाओं का आकड़ा बढ़ता जा रहा है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के दावे लगातार होते हैं। लेकिन हकीकत इससे काफी अलग है। युवा प्रदेश उत्तराखंड में चार साल के भीतर बेरोजगारों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 से 2022 के बीच प्रदेश में नौकरी खोजने वालों की लाइन में 121379 नए लोग शामिल हो गए हैं। इस बात की पुष्टि उत्तराखंड सेवायोजन विभाग के आंकड़ों से हुई है। आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2019 में विभाग में 769077 लोगों का पंजीकरण था। लेकिन दिसंबर 2022 में यह संख्या बढ़कर 890456 पहुंच गई। इसमें पुरुष ही नहीं महिला बेरोजगारों की संख्या में भी वृद्धि देखने को मिल है। कोरोना काल के बाद संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। सेवा योजन विभाग के आंकड़ों के अनुसार चार साल में प्रदेश के भीतर रोजगार मेलों की संख्या करीब ढाई गुना बढ़ाई गई है। लेकिन मेलों के माध्यम से युवाओं को नौकरी दिलाने की गति सुस्त है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019-20 में प्रदेश में 84 रोजगार मेले आयोजित किए गए थे। इनके माध्यम से 2709 युवाओं का चयन विभिन्न कम्पनियों में हुआ। जबकि वर्ष 2022-23 में आयोजित रोजगार मेलों की संख्या 187 थी और इनमें 3127 युवाओं का चयन हुआ।



# खान स्वामी के खिलाफ नही हुई सख्त कार्रवाई तो करेंगे आंदोलन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। साहब क्षेत्र की आस्था का कांडा स्थित शंकराचार्य द्वारा स्थापित मां काली की शक्ति व मंदिर समेत अपनी पैतृक भूमि को बचाने के लिए अब कांडा के ग्रामीण एकजुट हो गए हैं। उन्होंने सरकार व प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि



शीघ्र खनन नहीं रोका तथा सुरक्षा उपाय नहीं किए तो उग्र आंदोलन करेंगे। इसके लिए बाहरी क्षेत्र में रह रहे स्थानीय ग्रामीणों को भी सूचना देकर आमंत्रित करने का निर्णय लिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह माजिला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन समेत विभिन्न राजनैतिक दल ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा कर रहे हैं। ग्रामीण दो साल से क्षेत्र में दरार आने व मंदिर के झुकने से जिलाधिकारी, प्रदेश सरकार को अवगत कराते रहे परंतु किसी ने नहीं सुनी। कहा कि एक ओर सरकार धरोहरों को संरक्षित करने की बात कह रही है वहीं शंकराचार्य द्वारा मां काली का मंदिर झुक रहा है शक्ति खिसक रही है परंतु किसी जनप्रतिनिधि व प्रशासन इसे हल्के में ले रहा है। वक्ताओं ने अब तक सत्ताधारी दल समेत अन्य दलों के नेताओं द्वारा चुप्पी न तोड़ने पर आश्चर्य व्यक्त किया। कहा कि जिलाधिकारी के मशीन के प्रयोग रोकने के आदेश के बाद भी खान मालिक मिलीभगत से रात्रि में खननकर रहा है, उन्होंने इसके लिए खनन पट्टाधारकों के साथ प्रशासन और खनन विभाग की मिलीभगत करने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा कई सालों से ज्ञापन भेजने के बाद उनकी मांगों को अनसुना किया गया, लोकतंत्र में सभी को समान अधिकार दिए गए है, उसके बाद भी खनन पट्टाधारक द्वारा लोगों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी सम्पत्तियों को नुकसान पहुचाया जा रहा है, जबकि जिला प्रशासन द्वारा कोई सुध नही लिए जाने से खान पट्टाधारक द्वारा ऊंची पहुंच की बात कही जाती है, वही कोई सुध नहीं लिए जाने से सरकार व प्रशासन पर सवालिया निशान पैदा हो रहे हैं। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि यदि एक सप्ताह के भीतर लीज निरस्त नहीं की व मंदिर व मकानों की सुरक्षा हेतु उपाय नहीं किए तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे। बैठक में संतोष माजिला, भगवान सिंह माजिला, कैलाश वर्मा, वंशीधर कांडपाल, बबलू कांडपाल, ममता देवी, भावना देवी, सरूली देवी, दीपा, कौशल्या, आनंद सिंह, एलएस वर्मा आदि उपस्थित थे।

# सीमांकन के लिए पहुंची टीम का ग्रामीणों ने किया घेराव

बागेश्वर (उद संवाददाता)। ग्रामीणों के भारी दबाब के प्रशासन चेता व गैस गोदाम की भूमि का निरीक्षण करने के लिए प्रशासन व कुमंविनि की टीम कांडा पहुंची। टीम के आने की सूचना मिलते ही ग्रामीण वहां पहुंच गए तथा टीम का घेराव करते हुए कहा कि वे सीमांकन से पूर्व उनके घरों की दरारों को देखें। इसके बाद ही सीमांकन होगा। जिससे टीम ने ग्रामीणों के घरों का निरीक्षण किया। कांडा क्षेत्र में खड़िया खनन के बाद लोगों को हुई समस्याओं और मंदिर आवासीय इकाइयों के जायजा लेने तहसीलदार महेश चंद्र तिवारी के नेतृत्व में टीम कांडा पहुंची। टीम के आने की सूचना मिलते ही ग्रामीण वहां पहुंचे तथा उन्होंने कहा कि उनकी भूमि धंस रही है। गांव के घरों में दरार आ रही है ग्रामीण कई बार प्रशासन को अपनी समस्या से अवगत करा चुके हैं परंतु कोई सुध नहीं ले रहा है उन्होंने कहा कि जब तक उनके घरों का निरीक्षण नहीं होगा वे सीमांकन नहीं करने देंगे। जिसके बाद टीम ने ग्रामीणों के घरों का निरीक्षण करके वहां आ रही दरारों का निरीक्षण किया। भूगर्भ वैज्ञानिक अनिकेत थपलियाल ने कहा कि गांव में खतरा तो मशीन से खनन रोक दिया गया है परंतु रात में खान मालिक खनन कर रहे हैं। जिस पर तहसीलदार ने थानाध्यक्ष को इस पर नजर रखने व तुरंत कार्रवाई के



बना हुआ है जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। ग्रामीणों ने तहसीलदार से शिकायत की कि जिलाधिकारी द्वारा यहां आए भ्रमण में उन्होंने कहा कि आदेश दिए। इस दौरान ग्रामीण ममता देवी, किरन, पुष्पा, चंपा, साधो राम, हेम कांडपाल समेत कानूनगो पप्पू लाल, पटवारी हरीश त्रिकोटी आदि शामिल थे।

# शराब की दुकानें बंद,माफियाओं की हुई मौज

बागेश्वर(उद संवाददाता)। एक दौर था जब कोरोना काल मे शराब बंदी हुई, तब दुकान संचालको ने शराब के स्टॉक को जमा कर मुंहमांगे दामों पर शराब बेचकर लाखों करोड़ों के वारे न्यारे किए, वही नए वित्तीय वर्ष में शराब के शौकीनों को शराब की दुकानें खुलने का इंतजार है, जहां जिले की अधिकांश दुकान आपकारी विभाग द्वारा निश्चित समय के लिए दी गई है,वही प्रशासन आपकारी विभाग की अनदेखी के चलते शराब को मनमाने दामों पर बेचने का सिलसिला भी चलने लगा है, वही आपकारी विभाग द्वारा बेहतर व्यवस्था और नियमावली के पालन के लिए कोई जांच और निरीक्षण नही हो पाने से दुकानों में शराब के दाम भी मनमाने होने लगे है,जहां सेल्समैन ग्राहक को दुकानें नही खुल पाने और सीमित दुकानों में विक्री होने से मुंहमांगे दाम वसूल रहे है,वही मदिरा का चलन बहुतायात में होने से मदिरा के शौकीनों को दुकानें बंद होने से बिचौलियों से मुहमांगी कीमतों पर शराब खरीदनी पड़ रही है, नगर सहित अन्य शराब की दुकानों में धड़ल्ले से पचास से सौ रुपए तक ओवररेटिंग कि जा रही है। वही जिनके द्वारा शराब एकत्र की गई थी उनके द्वारा दोगुनी कीमतों में शराब बेचने की सूत्रों से जानकारी मिल रही है, वही नगर सहित मंडलसेरा, बिलौना, सहित गरुड़, कपकोट कांडा सहित अन्य स्थानों में मुंहमांगे दामों पर शराब बेची जा रही है।वही शराब की दुकानों में न तो कैमरे, ना ही रेट लिस्ट, ना ही ग्राहकों को खरीद की रसीद दी जा रही है।सीमित दुकानें होने से शराब कारोबारी और सेल्समैन रोजाना प्रत्ति दुकान से लाख रुपए तक ओवररेटिंग से कमा रहे है, समाजिक कार्यकर्ता ईश्वर सिंह, प्रमोद सिंह, नयन सिंह, केशर सिंह, आदि ने बताया कि शराब की दुकानों का नियमित आवंटन नही होने से विक्रेता मनमानी कीमतों पर शराब बेच रहे है, वही अन्यत्र कही भी शराब उपलब्ध नही हो पाने से लोग मजबूरी में मनमाने दामों पर शराब खरीदने को मजबूर है।वही आपकारी विभाग के निरीक्षक से जब इस बाबत जानने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा कही बार फोन फोन करने पर फोन नही उठाया गया।वही लोगों ने इसके लिए आपकारी विभाग और प्रशासन की अनदेखी को जिम्मेदार बताते हुए जिलाधिकारी से शराब की कालाबाजारी में लिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

सभी अनुज्ञापियो को निर्धारित शर्तो और मानकों के आधार पर दुकानें दी गई है, साथ ही आबकारी विभाग से जांच कर नियमानुसार दुकानों में निर्धारित मानकों और तय दामों में शराब की विक्री के निर्देश दिए गए है, यदि कही भी कोताही बरती गई तो लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अनुराधा पाल, डीएम-बागेश्वर।**

# एंटी-करप्शन विषय पर नाटक का आयोजन

मालधनचौड़/रामनगर (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में देश को स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार से मुक्त करने और युवाओं में एंटी- करप्शन विषय पर जागरूकता के लिए 'जहरीली घास' शीर्षक नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के मुख्य पात्र हिंदी विभाग के डॉ. खेमकरण शसोमनश ने सौरभ नामक जोश-जुनून से लबरेज एक ऐसे युवा की भूमिका का निर्वहन किया जिसकी दृष्टि में भ्रष्टाचार उस जहरीली घास के समान है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और राजनीति आदि क्षेत्रों का दामन पकड़कर निरंतर बढ़ती जा रही और देश को अंदर ही अंदर खोखला करती जा रही है। ये जहरीली घास असमय ही युवाओं या ईमानदार पदाधिकारियों को भी अपना शिकार बना रही है। ऐसे में सौरभ, भ्रष्टाचार रूपी जहरीली घासों को जड़ से खत्म करने और उसके खिलाफ एक टीम बनाकर लड़ना प्रारम्भ करता है। लेकिन एक समय के बाद वह नौकरी के मुहाने पर खड़े होने के बाद, स्वयं ही रिश्वत और भ्रष्टाचार का शिकार हो जाता है। वह समझ नहीं पाता कि भ्रष्टचार से लड़ते- लड़ते वह अंतत:



स्वयं ही भ्रष्टाचार का शिकार कैसे हो गया? इस कारण वह हाथ आई नौकरी से हाथ धो बैठता है। परिणामत: अपनी लंबी बेरोजगारी से पीड़ित होने, घर की दयनीय आर्थिक स्थिति और सामाजिक ताने-बाने को सह न पाने के कारण अति निराश सौरभ, आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाता है। इस बात से खिन्न और अक्रोशित होकर सौरभ के सक्षम दोस्त, नए सिरे से एंटी करप्शन टीम का गठन करते हैं जो सरकारी संस्थाओं और इंटेलिजेंस के साथ मिलकर देश को भ्रष्टाचार मुक्त करवाने के संकल्प के साथ अपना अधूरा कार्य, पूरा करने का बीड़ा उठाते हैं। पूरा नाटक फ्लैशबैक शैली मेंहै, जिसमें नाटक का मुख्य पात्र सौरभ, वर्तमान समय में आकर अपनी आपबीती सुनाता है कि उसके साथ क्या-क्या हुआ? करप्शन, एंटी-करप्शन पर आधारित नाटक जहरीली घास अनेक विसंगतियों को उजागर करता है, जिसके सहायक पात्रों में तनुजा, अमरजीत प्रसाद, अमित कुमार, सचिन कुमार, अंकित कुमार, गुरबक्श सिंह और आदित्य कुमार ने गंभीरता से अपनी भूमिका का निर्वहन किया। नाटक का निर्देशन अंग्रेजी विभाग के प्रो. प्रदीप चंद्र ने किया।

# तीन वाहन चोर बाईक सहित गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान तीन वाहन चोरों को चोरी की एक बाईक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार भूपेन्द्र सिंह पुत्र स्व. कुलवन्त सिंह निवासी बागजाला थाना काठगोदाम ने थाना काठगोदाम में सूचना दर्ज कराई की 16 अप्रैल को रात्रि उसके घर के बाहर से खड़ी उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूके 04 ए बी 7213 किसी ने चोरी कर ली है। काफी ढूंड खोज करने के बाद भी मोटरसाईकिल नही मिल सकी है। थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बाईक की बरामदगी के लिए उनि कृपाल सिंह व उनि मनोज कुमार के नेतृत्व में 2 टीमें गठित की। पुलिस टीम द्वारा गोलापुल स्टेडियम के पास सघन चौकिंग के दौरान



3 युवक एक बाईक में कुवरपुर तिराहे से आते दिखाई दिये। जिन्हें रोककर डीएल व वाहन के कागजात दिखाने को कहा तो नहीं दिखा सके एवं मोटरसाइकिल में आगे पीछे नम्बर प्लेट नहीं था। शक होने पर उनि कृपाल सिंह द्वारा मोटरसाईकिल की चौसिस नबर चौक किया गया जो चोरों हुई बाईक का था। जिस पर पुलिस ने तीनों युवकों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होने बताया यह मोटरसाइकिल 16 अप्रैल की रात बागजाला से किसी के घर के बाहर से चोरी कर जंगल में छुपा दी तथा वाहन की पहचान छुपाने के लिये नम्बर प्लेट तोड़कर जंगल में फैक दी।आज इसे बेचने जा रहे थे। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम पता राकेश चन्द्र आर्या उर्फ पिंन्टु पुत्र स्व. हीरा राम आर्या निवासी तल्ला बागजाला गौलापार, काठगोदाम, लक्की आर्या पुत्र स्व. सुन्दर लाल निवासी बागजाला प्राइमरी स्कूल के पास गोलापार, काठगोदाम तथा संजय बिष्ट पुत्र प्रताप सिंह निवासी बागजाला गोलापार काठगोदाम बताया।

## पेज एक का शेष...

**बिजली चोरी रोकने..**ट्रांसफार्मर भी लगाये जायेंगे। केन्द्र सरकार का प्रयास है कि बिजली की कम खपत में लोगों को ज्यादा लाभ मिले। एक सवाल के जवाब में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि संजय वन के विकास के लिए बीस लाख रूपये दिये गये थे जिससे वहां की सफाई का काम किया जा रहा है जलद ही संजय वन को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए और भी काम किये जायेंगे। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल समेत कई भाजपा नेता मौजूद थे।

**बलवा और मारपीट...**करने पर प्रेम सिंह पुत्र रामदास, अर्जुन व अरुण पुत्रगंण प्रेम सिंह, काजल पुत्री प्रेम सिंह, राजेश पुत्र जयप्रकाश, माया पत्नी प्रेम सिंह व राजेश का साला मोहित आपस में एक राय होकर लाठी-डंडों से लैस उसे घेर लिया और गाली गलौज करते हुए बुरी तरह मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान शोर-शराबा होने के कारण मौके पर भीड़ जुटती देख आरोपी वहां से फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हमलावरों से उसके परिवार को जान का खतरा है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हमलावरों के खिलाफ धारा 147, 504, 506, 323, 324 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

**कांता रानी सुखीजा...**अरोड़ा,विजय कुमार, संजीव कुमार, नन्हे सिंह तोमर, सरोज रानी, राधा रानी, राज अरोड़ा सहित दर्जनों लोगों ने घर पहुंच कर श्रीमती कांता रानी के निधन पर शोक जताया और परिजनों को इस दुख की घड़ी में सांत्वना दी।

**नगर निगम के खिलाफ...** यह हाल तब है जबकि मेयर ने खुद अपने सामने खड़े होकर पुलिया का निर्माण कराया था। सीपी शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जीरो टॉलरेंस के दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि नगर निगम के टेंडरों की जांच की जाये तो कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जी -20 के नाम पर नगर निगम ने जो काम कराये हैं उसमें भी बड़ा गोलमाल हुआ है। इन सबकी जांच की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने मेयर रामपाल पर निगम को चलाने में असफल होने का आरोप भी लगाया। सीपी शर्मा ने कहा कि जबसे रामपाल सिंह ने चार्ज संभाला है तब से शहर में न तो सफाई व्यवस्था पटरी पर लौटी है और न ही विकास कार्य धरातल पर उतरे हैं। विकास की बातें हवाई साबित हुयी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को कुछ पूंजीपति रिमोर्ट से संचालित कर रहे हैं। उन्होंने पुलिया टूटने के मामले में मेयर से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की। धरना प्रदर्शन में पार्षद मोहन खेड़ा, सतीश कुमार, सुनील आर्य, मानस बैरागी, नंद किशोर गंगवार, अमन जौहरी, बाबू विश्वकर्मा, सपना गिल, परवीन , उमा सरकार , जयदीप,संतोष गुप्ता,अर्जुन गंगवार, संदीप कुमार, प्रेमपाल, नवाब अली, राजकुमार, पवन, आदि समेत तमाम कार्यकर्ता थे।

**रेखा आर्य ने किया...**अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का हैंड वर्क पूर्ण हो जाएगा। साथ ही खेल मंत्री रेखा आर्य ने स्टेडियम के समीप प्रस्तावित खेल यूनिवर्सिटी की भूमि का भी निरीक्षण किया, इस दौरान यूनिवर्सिटी के निर्माण में आ रही संबंधित दिक्कतों को दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। खेल मंत्री आर्य ने कहा कि प्रदेश में हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय बनाया जाना है जिसके लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास ही जमीन की तलाश की गई है। इसके लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य मे आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के बन जाने से आगामी समय मे हमारे राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियो को अवसर मिलेंगे।

**फूड वैन संचालकों...** नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासन की टीम द्वारा विशेष अभियान चला कर नैनीताल हल्द्वानी रोड , नैनीताल भवाली रोड, कालादूंगी रोड से सभी अवैध रूप से खड़े फूड वैनों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए मार्ग से बलपूर्वक हटा दिया गया । टीम द्वारा सभी फूड वैन संचालकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि बिना अनुमति के फूड वैन ना लगाएं यदि अवैध रूप से लगाए पाए जाने पर वाहन को सीज करने की कार्रवाई अमल में आई जाएगी । अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस विभा दीक्षित, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आलोक उनियाल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रश्मि भट्ट, जिला पंचायत के अधिकारी और एन एच अधिकारी शामिल रहे ।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# छह माह में पुलिया टूटने की जांच के आदेश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर बाईपास रोड पर गुरूनानक इंटर कालेज के सामने छह माह पूर्व बनायी गयी पुलिया टूटने की सूचना मिलने पर मेयर रामपाल सिंह और मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर पुलिया का निरीक्षण किया और मामले की जांच के आदेश दिये। साथ ही मौके का स्थलीय निरीक्षण कर पुलिया का जायजा लिया। स्थानीय निवासियों द्वारा रेत से भरे ओवरलोड भारी ट्रकों के कारण पुलिया क्षतिग्रस्त होना कारण बताया जा रहा है इस दौरान मेयर ने कहा कि छह माह पूर्व बनायी गयी पुलिया का क्षतिग्रस्त होना गंभीर मामला है। उन्होंने सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी गयी तो सम्बंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। साथ ही मेयर ने ठेकेदार को उक्त पुलिया का निर्माण पुनः करने के आदेश भी दिये। उन्होनें कहा कि पुलिया निर्माण में अब जो भी लागत आयेगी। उसका वहन खुद ठेकेदार द्वारा किया जायेगा। पुलिया दुबारा टूटती है तो ठेकेदार पर कानूनी कार्रवाई भी की




ठेकेदार को अपने खर्च पर पुनः पुलिया का निर्माण करने के आदेश भी दिये। बता दें गुरूनानक इंटर कालेज के सामने छह माह पूर्व जल निकासी को सुचारू कराने के लिए नगर निगम द्वारा पुलिया का निर्माण कराया गया था। उक्त पुलिया छह माह में ही क्षतिग्रस्त होने पर मेयर रामपाल सिंह और मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एवं प्र0 अधिशासी अभियंता गजेन्द्र पाल को सात दिन के भीतर मामले की जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिये। उन्होंने जांच समिति को उक्त पुलिया के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री एवं अन्य कारणों की विस्तृत जांच आख्या देने को कहा। मेयर ने कहा कि जांच कमेटी यह पता लगायेगी कि पुलिया के निर्माण में कहां गलती हुयी है। इसमें कमियां पायी जायेगी। इस मामले में लग रहे आरोप प्रत्योरोंपों को लेकर मेयर ने कहा कि आरोप प्रत्यारोप बेबुनियाद है। बेवजह मामले को तूल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग विकास में रोड़ा अटकाने का काम कर रहे हैं। मेयर ने कहा कि उनके रहते नगर में किसी तरह का भ्रष्टाचार घोटाला नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि नगर निगम जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है।

# खटीमा में साढ़े सात करोड़ की लागत से बन रही सीएसडी कैंटीन का भूमिपूजन

## पूर्व सैनिकों ने ईसीएचएस और वार मैमोरियल की मांग उठाई

खटीमा(उद संवाददाता)।खटीमा में सीएसडी कैंटीन के लिए बनाए जा रहे भवन का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया गया। भूमि पूजन और शिलान्यास मुख्य अतिथि मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी ने किया। पूर्व सैनिकों ने सीएसडी कैंटीन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया और साथ ही यहां वॉर मैमोरियल और ईसीएचएस केंद्र भी खोले जाने की मांग उठाई। खेतलसंडा खाम में अल्केमिस्ट रोड पर पूर्व सैनिकों के लिए सीएसडी कैंटीन और जनमिलन केंद्र के लिए शासन ने दो एकड़ जमीन आवंटित की है। यहां भवन निर्माण के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया है। जिसकी पहली किस्त साढ़े चार करोड़ रुपये जारी किया जा चुका है। सोमवार को सीएसडी कैंटीन के लिए भूमिपूजन का अधारशिला रखी गई। भूमिपूजन के बाद आयोजित सभा में पूर्व सैनिक और उनके आश्रितों ने मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष धामी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की मांग विगत कई वर्षों से चली आ रही थी। मुख्यमंत्री के विधायक रहते हुए किए गए अथक प्रयासों से कैंटीन पुराने सरकारी अस्पताल में अस्थाई रूप से संचालित है। अब उसका अपना भवन



बनने जा रहा है। मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खडायत ने कहा कि भाजपा सरकार पूर्व सैनिकों के लिए समर्पित सरकार है। सीएम धामी ने यह काम विधायक रहते ही पूरा कर दिया था। यहां जब वह पहुंचे हैं तो पूर्व सैनिकों ने उनसे यहां वार मैमोरियल, ईसीएचएस की मांग की है। इस मांग को वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर त्रिलोक सिंह परिहार, नारायण सिंह, धन सिंह सामंत, नरेश कालेनी, सोबन सिंह खोलिया, प्रहलाद सिंह, शिव चंद, यूके जोशी, टीका राम पांडेय, नारायण सिंह खोलिया, मनोहर सिंह मेहरा, भूपाल सिंह , रमेश चंद, महेंद्र चंद, होशियार सिंह खनका, मोहन चंद पांडेय, भाजपा जिला महामंत्री सतीश गोयल, नरेंद्र बिष्ट, सतीश भट्ट आदि थे।

# कृमि नाशक दवा खाने के बाद 11 स्कूली बच्चों की तबियत बिगड़ी

बागेश्वर (उद संवाददाता)। भोजन खाने के बाद कृमि नाशक एल्बडाजाल दवा का सेवन करने से राजकीय जूनियर हाईस्कूल भतरौला के 11 बच्चों का स्वास्थ खराब हो गया। मचलने जैसी समस्याएं आने लगी। वही प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह बोरा ने बताया कि आज विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की टीम एएनएम गीता आर्या,आशा कोडिनेटर निर्मला कर्मयाल,अपनी टीम



छात्रों को विषाक्त जीवाणुओं को शरीर से नष्ट करने के लिए सभी जगहों में एल्बनडाजौल की दवाइयां खिलाई जा रही है,वही छात्रों को कृमि नाशक दवा खिलाने के बाद पेट दर्द,उल्टी आने जी के साथ कृमि की दवा खिलाने आए थे, तभी दवा देकर स्वास्थ विभाग की टीम पहले आंगनबाड़ी और राप्रावि भतरौला में दवा खिला रहे थे, तभी मध्याह्न भोजन के बाद सभी छात्रों को एल्बन्डाजौल की दवा खिलाई गई।तभी अचानक दवा खाने के बाद अचानक छात्रों का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा।जिसके बाद छात्रों की चीख पुकार और पेट दर्द उल्टी बेहोशी जैसी स्थिति होने पर छात्रों और शिक्षकों में अफरा तफरी मच गई।इसके बाद बीमार छात्रों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। शिक्षकों और स्वास्थ्य विभाग की टीम एम्बुलेंस और निजी वाहनों से छात्रो को जिला अस्पताल लाए जहाँ उनका इलाज किया जा रहा है।ईएमओ ड़ॉ. गुंजन आर्या ने बताया कि छात्रों के स्वास्थ में सुधार है,प्राथमिक चिकित्सा के बाद सभी छात्रों का स्वास्थ्य ठीक है।वही चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनोद टम्टा ने बताया कि कृमि नाशक दवाइयां शरीर मे विषाक्त जीवाणुओं का नाश करती है, कही बार पेट के कीड़े मरने पर इस प्रकार के लक्षण नजर आते हैं। ऐसे में यदि स्थिति गम्भीर होती है तो तत्काल चिकित्सिय परामर्श लेना चाहिए।

# पति की हरकतों से तंग आई तो पत्नी ने रॉड से पीटकर कर दी हत्या

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। टीपी नगर चौकी क्षेत्र में पति की हरकतों से तंग आकर पत्नी द्वारा उस पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर देने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी महिला को हिरासत में लेकर शव कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है पति की शराब की लत उसकी मौत की वजह बन गई। हालांकि घटना को अंजाम देने के बाद पत्नी ने वारदात को छिपाने की कोशिश की, लेकिन मामला खुल गया। जानकारी के अनुसार देवलचौड़ बन्दोबस्ती रामपुर रोड निवासी लक्ष्मण सिंह भनवाला (32 वर्ष) रामपुर रोड स्थित सिद्धार्थ सिटी में बतौर गार्ड काम करता था। घर में पत्नी गीता और 9 साल का बेटा शिवांशु है। बताया जाता है कि सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे लक्ष्मण शराब के नशे में घर पहुंचा। उस वक्त उसकी पत्नी गीता घर मे कपड़े ध ो रही थी। तभी नशे में धुत लक्ष्मण गीता के साथ हरकतें लगा। गीता ने रोका और डांटा, लेकिन लक्ष्मण नही माना। इसी बीच गीता के हाथ पर्दे का रॉड लग गया



और उसने एक के बाद एक पति लक्ष्मण पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। जिससे लक्ष्मण लहूलुहान हालत में जाकर सीढ़ियों पर बैठ गया और गंभीर चोटें होने से अधिक खून बहने से उसकी वहीं पर ही मौत हो गई। लक्ष्मण की मौत हो जाने से गीता के हाथ पैर फूल गए। उसने घण्टों तक मामला छिपा कर रखा। लेकिन इसी बीच बेटा शिवांशु पड़ोस में रहने वाले ताऊ कुंदन सिंह के घर पहुंच गया। यहां उसने ताई को सारी घटना बताई तो उनके होश उड़ गए। देर रात खबर पुलिस तक पहुंची तो सीओ सिटी भूपेंद्र सिंह धौनी, कोतवाल हरेंद्र चौधरी, टीपी नगर चौकी प्रभारी पंकज, एसआई कुमकुम धानिक मौके पर पहुंच गए। पूछताछ में महिला ने अपना जुर्म कुबूल किया और कहा कि लक्ष्मण अक्सर नशे में आता था और उल्टी सीधी हरकतें करता था। आज जब बात हद से गुजरी तो उनसे गुस्से में हमला कर दिया। पुलिस ने गीता को गिरफ्तार कर लिया। उधर लोगों का यह कहना है कि शराब ने एक और घर उजाड़ दिया।

# जिला योजना के कार्यों को दो वर्ष में पूर्ण करें : डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सोमवार को जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने जिला योजना अवसंरचना 2023-24 के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में ली।बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला योजना समिति सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए योजनाएं तैयार की जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि फिजूल कार्यों को जिला योजना में शामिल न किया जाये और जो भी योजनाएं शामिल की जाये वह अधिकतम 2 वर्ष के भीतर पूरी हो जाये। उन्होंने किसी भी दशा में टोकन मनी आधारित योजनाएं जिला योजना में शामिल न करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सतत विकास लक्ष्यों, रोजगारपरक योजनाओं को प्राथमिकता से शामिल करने, तीन लाख रूपये से अधिक की योजनाओं को ही शामिल करने के भी निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिये। उन्होंने 80 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण हो चुकी योजनाओं को प्रथम तथा 50 व 25 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी योजनाओं को क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर वरीयता से रखते हुए योजनां पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने पेयजल निगम को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यों को द्रुतगति से पूरा करने तथा हैण्डपम्प आधारित योजनाओं को जिला योजना में शामिल न करने के निर्देश दिये। उन्होंने पैरालम्पिक आधारित प्रतियोगिताएं कराने की कार्य योजना जिला योजना में प्रस्तुत करने के निर्देश



खेलकूद विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने गिरी सरोवर तथा बोर जलाशय का आकर्षक प्रस्ताव अलगत से तैयार कराकर उपलब्ध कराने के निर्देश पर्यटन विभाग को दिये। जिलाधिकारी ने उरेडा विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि पुरानी योजनाएं पूर्ण होने पर ही नई योजनाओं में धनराशि आवंटित की जायेगी। उन्होंने नलकूप खण्ड को मानक के अनुसार ही योजनाएं शामिल करने के स्पष्ट निर्देश दिये। उन्होंने हर साल सेक्स सीमन शॉर्टेज सीमन कार्य शतप्रतिशत करने के निर्देश पशुपालन विभाग को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष की जिला योजना 6867.77 लाख रूपये की है, जिसमें एससीएसपी मद में 951 लाख तथा टीएसपी में 753 लाख रूपये व सामान्य मद में 5163.77 लाख रूपये की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने जिला योजना अवसंरचना के मानकों के बारे जनप्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी रेखीय विभागों को आपसी तालमेल से योजनाएं चयनित करने के निर्देश दिये ताकि योजनाओं में किसी भी प्रकार की डुप्लीकेसी न हो। उन्होंने अन्तिम वित्तीय वर्ष में किए गए प्रमुख कार्यों की बुकलेट तैयार करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी रमेश चन्द्र त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur